# एकेडमिक कॉन्सिल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के बैठक की कार्यवाही।

दिनांक 10.04.2017 को प्राचार्य की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में एकेडमिक कॉन्सिल की बैठक प्राचार्य प्रकोष्ठ में आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों / सदस्यगणों ने भाग लियाः–

1) डा0 बिकास कुमार, प्राचार्य, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर। — अध्यक्ष

2) डा0 जी0 के0 ठाकुर, अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर। — विशेष आमंत्रित सदस्य

3) सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर। — सदस्य

- बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों पर समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिया गया :–

1) एजेन्डा संख्या – 01 :– रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के संबंध में विचार विर्मश।

रोगी कल्याण समिति, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के बैठक दिनांक – 09.03.2017 में लिये गयें निर्णय (अधीक्षक, के पत्रांक–1437 / 17 दिनांक–07.04.2017 द्वारा प्राप्त) के प्रस्ताव सं0–(3) में दिये गये निर्देश के आलोक में तत्काल वाहनों के पड़ाव विधुत स्टेशन के नजदीक चिन्हित स्थान पर रखना है। संचालन, उसके सुरक्षा एवं राशि का निधारण प्राचार्य द्वारा किया जायेगा। इसका संचालन Ex army men के संगठन (Society) को दिया जाय।

2) एजेन्डा संख्या – 02 :– स्नात्तकोत्तर अध्ययन के संबंध में विचार विर्मश।

स्नात्तकोत्तर अध्ययन हेतु जिस–जिस विभाग में MCI के मापदंड के अर्न्तगत जो कमियाँ है, संबंधित विभागाध्यक्ष अपने स्तर से अधारभूत संरचना एवं मशीन उपकरण का अलग–अलग मॉग पत्र प्रस्तुत करेंगे।

3) एजेन्डा संख्या – 03 :– लॉर्ड–बुद्धा कोसी मेडिकल कॉलेज, सहरसा के छात्रों के संबंध में विचार विर्मश।

लॉर्ड–बुद्धा कोसी मेडिकल कॉलेज, सहरसा के 16 छात्रों का नामांक्न–22.03.2017 को लिया गया। 16 छात्रों का संमाजन उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रमाण–पत्र के आधार पर विभन्नि सत्रों में किया गया जिसका विवरणी निम्न प्रकार हैः–

1) Amardeep - 2nd MBBS- 2015
2) Neha Rani - 3rd Proff (Part-2) 2013
3) Shalini Singh - 3rd Proff (Part-2) 2013
4) Monu Kant - 3rd Proff (Part-2) 2013
5) Juhi Krishna - 3rd Proff (Part-2) 2013
6) Shanil Kr. Ranjan - 3rd Proff (Part-2) 2013
7) Rati Ram Sharma - 3rd Proff (Part-2) 2013
8) Bankets Sai Jee - 3rd Proff (Part-2) 2013
9) V.A. Joel Doneld - 3rd Proff (Part-2) 2013
10) Seikh Jawed Alam- 3rd Proff (Part-2) 2013
11) Suman Bharti - 3rd Proff (Part-2) 2013
12) Vivek Mohan Mishra- 3rd Proff (Part-2) 2013

क्रम सं0–10,11,12 को इस आशय के साथ आदेश दिया जाता है कि 3rd Proff. (Part-II) विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित से पूर्व 3rd Proff. (part-1) विश्वविद्यालय परीक्षा में उर्त्तीर्ण होना सुनिश्चित करेंगे।

13) Vibha
14) Rampuram Vinod Kumar
15) Om Prakash
16) Sunny Kumar

क्रम संख्या – 13 से 16 के छात्रों का वर्ग व्यख्यान 3rd Prof.. (Part - I) के लिए होना है।

**4) एजेन्डा संख्या – 04 :– महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर के सुरक्षा के संबंध में विचार विर्मश।**

महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर के सुरक्षा हेतु सामूहिक रूप से चिन्हित पोस्ट पर सुरक्षाकर्मी अपनी सेवा देंगे।

**5) एजेन्डा संख्या – 05 :– केन्द्रीय पुस्तकालय के उन्नयण के संबंध में विचार विर्मश।**

केन्द्रीय पुस्तकालय के वर्त्तमान कार्य प्रणाली पर छात्रों द्वारा शिकायत के उपरान्त प्राचार्य स्वयं प्रतिदिन Visit देकर समय–समय पर देख–रेख एवं दिशा निर्देश देंगे चूकी पुस्तकालय सचिव अपरिहार्य कारणो से अभी समय नही दे पा रहें थे। अतः सफाई, सुरक्षा एवं समयावधि के माँगो को पुरा किया जायेगा। प्रकाश एवं पानी की समुचित व्यवस्था के अन्तर्गत LED Tube Light एवं वाटर प्यूरीफायर लगवाया जायेगा। पुस्तकालय 24 घंटे खुले रहेंगे, जिसमें सुरक्षा गार्ड एवं जनरेटर की सुविधा सत्त रहेंगी।

**6) एजेन्डा संख्या – 06 :– बाहरी चिकित्सक द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को व्याख्यान देने के संबंध में विचार विर्मश।**

विभागाध्यक्ष के अनुशंसा पर ख्याति प्राप्त संस्थान के चिकित्सक शिक्षक को ही Guest Lecture के रूप में मौका दिया जा सकता है। जिसके लिए नियमानुसार भत्ता भी देय होगा।

7) एजेन्डा संख्या – 07 :– **TA Bill** के संबंध में विचार विर्मश।

AKU, Patna से संबंधित TA Bill एवं अन्य संबंधित खर्च की पूर्ण निगरानी डा0 महेश प्रसाद, ओ0एस0डी0, द्वारा किया जायेगा।

8) एजेन्डा संख्या – 08 :– पूर्व के खोले गये **Bank Account** के संबंध में विचार विर्मश।

Bank of Baroda, Umanagar Branch में 1995–96 में तत्कालिन प्राचार्य द्वारा खोला गया तीन Bank Account जिसका लेन देन 15 वर्षो से बंद है कि पूर्ण राशि (14900,00/– रूपये) महाविद्यालय के छात्र कोषांग मद के खाता में जो कि SBI, SKMCH branch में है जमा किया जाय। इस संबंध तत्कालीन प्रो0 (डा0) जी0 के0 ठाकुर ने भी स्वीकार किया कि वह पैसा छात्र–कोषांग का ही है।

9) एजेन्डा संख्या – 09 :– **Paramedical Examination** के **Examiner** हेतु **T.A & DA** की राशि के संबंध में विचार विर्मश।

Paramedical Examination के Examiner हेतु T.A & DA की राशि जो बकाया है एवं आगे होने वाले परीक्षा हेतु, परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य विभाग से तत्काल पत्राचार कर 20000/– रुपया की मांग की जाय। यह कार्य लिपिक श्री रविराज करेंगे।

10) एजेन्डा संख्या – 10 :– गेस्ट हाउस के संबंध में विचार विर्मश।

इस महाविद्यालय के सेवानिवृत कुक, श्री दिनेश प्रसाद को महाविद्यालय गेस्ट हाउस में रहने वाले आंगतुक एवं अन्य आयोजन हेतु खान–पान की व्यवस्था करने का मौका दिया जाय। श्री प्रसाद खान–पान का Rate Chart समर्पित करेंगे, जिसे प्राचार्य द्वारा अनुमोदन करा लिया जाय।

11) एजेन्डा संख्या – 11 :– छात्रों के नामांकन के संबंध में विचार विर्मश।

छात्रों के नामांकन के समय Caution Money के रुप में 10,000/– से 15000/– के बीच एक मुस्त जमा कराया जाय।

12) एजेन्डा संख्या – 12 :– महाविद्यालय स्थित **Animal House** के संबंध में विचार विर्मश।

महाविद्यालय स्थित Animal House जो कि फार्माकोलौजी विभाग के अन्तर्गत है, उसके जीर्ण–शीर्ण भवन मरम्मती हेतु कार्यपालक अभियन्ता पी0डब्लू0डी0 से अनुरोध किया जाय। इस कार्य हेतु श्री नवीन कुमार, टंकक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को प्राधिकृत किया जाता है।

13) एजेन्डा संख्या – 13 :– कर्मचारियों हेतु नास्ता के संबंध में विचार विर्मश।

महाविद्यालय के कार्यालय में कार्य की व्यस्तता को देखते हुए सभी तृतीय एवं चतुर्थवर्ग कर्मचारी जो कि प्राचार्य कार्यालय में कार्य कर रहें है। उन्हे रोजाना बिस्कुट एवं चाय की व्यस्था की जाये।

15) एजेन्डा संख्या – 15 :– अस्पताल स्थित **Blood Bank** के संबंध में विचार विर्मश।

अस्पताल स्थित Blood Bank के संबंध में यथा अधिकारी, कर्मचारी, कार्यप्रणाली की पूर्ण जानकारी विभागाध्यक्ष, पैथोलौजी विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर द्वारा प्राचार्य को दिया जाये।

16) एजेन्डा संख्या – 16 :– **Academic Council** के संबंध में विचार विर्मश।

प्रत्येक तीन माह के अन्तराल पर Academic Council की नियमित बैठक की जायेगी।

निदेशानुसार Academic council के सभी सदस्यों की सहमति से बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गई।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक :–952/17 दिनांक :–08-05-17

प्रतिलिपि :–

1) अधीक्षक, विशेष आमंत्रित सदस्य, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2) सभी सदस्य, एकेडमिक कॉन्सिल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3) प्रभारी प्राध्यापक (प्रा0)/पुस्तकालय सचिव, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4) वार्डेन/सहायक वार्डेन, छात्र/छात्रा छात्रावास, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5) बरसर/लेखपाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6) संबंधित लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
7) आई0टी0 शाखा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

8/5/17

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर